ग्वालियर | रविवार | 16 नवंबर 2025 | वर्ष 31 | अंक 91 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 सभी एक ही पूर्वजों के वंशज : भागवत


6 लोककथाओं में बसती है देश की आत्मा


7 जीवन की अदृश्य शक्तियों का प्रतिनिधित्व


10 अमन सहरावत से निलंबन हटाया गया

# जनजातीय गौरव अद्वितीय

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंत्री नागरसिंह की सभी मांगें पूरी कीं

**आलीराजपुर, 15 नवंबर. राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आलीराजपुर जिले को अनेक विकास सौगातें प्रदान की. इसी के साथ शहीद छीतु किराड़ और भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नागरसिंह कुछ मांगे और मैं न दूं- ऐसा हो ही नहीं सकता। उनकी हर मांग जनहित से जुड़ी है, और सभी मांगें पूरी करना मेरा दायित्व है।**

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय नायकों की वीरगाथाएं आज भी समाज को प्रेरित करती हैं। राज्य सरकार जनजातीय समुदाय के गौरव, अस्मिता और उनके अद्वितीय योगदान को संरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनजातीय महापुरुषों के संघर्ष, साहस और बलिदान को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अमूल्य धरोहर बताया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि आलीराजपुर की सांस्कृतिक परंपराएं और जनजातीय गौरव अद्वितीय हैं। यह वह भूमि है जिसने देश को छीतु किराड़ और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे वीर दिए। आदिवासी समाज का संघर्ष स्वाभिमान का इतिहास है। सीएम ने कांग्रेस पर भी प्रहार करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी योजनाओं का लाभ पात्रों तक 100 प्रतिशत पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

> **सीएम ने सभी मांगें पूरी की : विधायक प्रतिनिधि**
> विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मंच पर ही मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा दिए गए सभी मांग-पत्र हाथ में लेकर एक-एक घोषणा की और कहा आदिवासी अंचल में जो भी आवश्यक है, राज्य सरकार वह सब करेगी। इसके साथ जिले को अत्यंत महत्वपूर्ण विकास कार्यों का पैकेज मिला।

# आदिवासियों का योगदान अमिट

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बोले प्रधानमंत्री मोदी

**अहमदाबाद, 15 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'जनजातीय गौरव दिवस' कार्यक्रम को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव हजारों वर्षों से हमारे भारत की चेतना का अभिन्न हिस्सा रहा है. स्वतंत्रता आंदोलन में ट्राइबल समाज के योगदान को हम भुला नहीं सकते हैं.**

नर्मदा में भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मां नर्मदा की ये पावन धरती आज एक और ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बन रही है. अभी 31 अक्टूबर को हमने यहां सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाई. हमारी एकता और विविधता को सेलिब्रेट करने के लिए भारत पर्व शुरू हुआ है. आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के इस भव्य आयोजन के साथ हम भारत पर्व की पूर्णता के साक्षी बन रहे हैं.

पीएम ने कहा, जब-जब देश के सम्मान, स्वाभिमान और स्वराज की बात आई, तो हमारा आदिवासी समाज सबसे आगे खड़ा हुआ. हमारा स्वतंत्रता संग्राम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. स्वतंत्रता आंदोलन में ट्राइबल समाज के योगदान को हम भुला नहीं सकते.

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के पहले भगवान बिरसा मुंडा को कोई याद करने वाला नहीं था. सिर्फ उनके अगल-बगल के गांव तक ही पूछा जाता था. आज देशभर में कई ट्राइबल म्यूजियम बनाए जा रहे हैं.



### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की समीक्षा की

पीएम ने इससे पहले सूरत में बन रहे मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का जायजा लिया. इसके बाद नर्मदा जिले के डेडियापाडा पहुंचे और देवमोगरा मंदिर में पंडोरी माता की पूजा की. पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं. पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया. इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आए. इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया.

## एक नजर में



### भाजपा ने आरके सिंह को पार्टी से किया निलंबित

**पटना, 15.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अनुशासनहीनता के आरोप में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को पार्टी से शनिवार को निलंबित किया, उन्हें दल से निष्कासित करने के लिए स्पष्टीकरण मांगा है. बिहार भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा ने एक पत्र भेज कर सिंह से एक सप्ताह के अंदर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है. सिंह को लिखे गए पत्र की प्रति आज मीडिया में जारी की गई. पत्र में कहा गया है कि उनकी गतिविधियां पार्टी के विरोध में हैं, जो अनुशासन के दायरा में आता है. पार्टी को इससे नुकसान हुआ है, जिसे पार्टी ने गंभीरता से लिया है.

### दिल्ली-एनसीआर में सांस लेना मुश्किल

**नई दिल्ली.** दिल्ली-एनसीआर में रहना लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है. बीते कई दिनों ने एक्यूआई 400 पार चल रहा था, लेकिन अब कुछ इलाकों में एक्यूआई 500 के ऊपर दर्ज किया गया है. इसका यह मतलब है कि हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है. राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर स्थिति को देखते हुए सीएक्यूएम जहरीली हवा की निगरानी के लिए एनसीआर की सड़कों पर धूल सेंसर लगाने पर विचार कर रहा है. वजीरपुर की हवा सबसे ज्यादा खतरनाक बताई जा रही है. वजीरपुर में एक्यूआई 556 दर्ज किया गया है. दूसरी ओर सोनिया विहार में एक्यूआई 500 तक पहुंच गया है.

### क्रिएटिविटी भारत की विकास यात्रा का स्तंभ

**नई दिल्ली.** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को कॉलेज ऑफ आर्ट्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया. इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा सचिव, कॉलेज के प्रिंसिपल और छात्र-छात्राएं भी मौजूद थीं. आशीष सूद ने दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह नहीं है, यह उत्सव है आपकी मेहनत का, आपकी कल्पनाशक्ति और आपकी अदम्य रचनात्मकता का. आपने सिद्ध किया है कि कठिन परिश्रम और समर्पण हमेशा सफलता की ओर ले जाते हैं. शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्रिएटिविटी सभ्यता की ऑक्सीजन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर कहते हैं कि जिस राष्ट्र में क्रिएटिविटी फले-फूले, वही राष्ट्र विश्वगुरु बनता है.

# चीन ने 1,000 टन का सोने का भंडार खोजा

**बीजिंग, 15 नवंबर. चीन ने शिनजियांग के कुनलुन पहाड़ों में सोने का विशाल भंडार खोजा है. इस सर्वे में शामिल भू-विज्ञानियों के मुताबिक शुरुआती अनुमान बताते हैं कि यहां कुल सोने का भंडार 1,000 टन से भी ज्यादा हो सकता है. एक साल में तीसरी बार है जब चीन को 1000 टन से ज्यादा का सोने का भंडार मिला है.**

इससे पहले ऐसे दो बड़े भंडार लियाओनिंग और हुनान में मिले थे. दुनिया में सिर्फ 5 सोने के भंडार ऐसे हैं, जो 1000 टन से ज्यादा बड़े हैं. ऐसे में इसे एक बड़ी सफलता माना जा रहा है. इसकी कीमत लगभग 1,164 लाख करोड़ भारतीय रुपए होगी. इससे पहले वैज्ञानिकों का यह अनुमान था कि चीन में अब सिर्फ 3,000 टन सोना ही जमीन के नीचे बचा है.



# नौगाम थाने में विस्फोट से नौ की मौत

**32** लोग विस्फोट में हुए घायल

**10** नवंबर को बरामद किया था विस्फोटक पदार्थ

**श्रीनगर, 15 नवंबर (वार्ता) जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने शनिवार को कहा कि नौगाम थाने में विस्फोट एक आकस्मिक घटना है, जिसमें नौ लोग मारे गए और 32 घायल हुए हैं. उन्होंने इस घटना में किसी भी आतंकी पहलू से इनकार किया है.**



पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों की जांच की जा रही है. उन्होंने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नौगाम थाना में दर्ज एक प्राथमिकी की जांच के दौरान नौ और 10 नवंबर को हरियाणा के फरीदाबाद से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, रसायन और अभिकर्मक भी बरामद किए गए थे. इन्हें अन्य बरामद सामग्रियों की तरह, नौगाम थाने के खुले क्षेत्र में सुरक्षित रूप से ले जाई गई. निर्धारित प्रक्रिया के तहत, बरामदगी के नमूनों को फोरेंसिक और रासायनिक जांच के लिए भेजा जाना था. बरामदगी और नमूना लेने की प्रक्रिया की अस्थिर और संवेदनशील प्रकृति के कारण एफएसएल टीम द्वारा अत्यंत सावधानी के साथ काम किया जा रहा था. हालांकि, दुर्भाग्यवश इस दौरान शुक्रवार-शनिवार की रात लगभग 11.20 बजे एक आकस्मिक विस्फोट हुआ.

## एक ही परिवार के 5 लोग जिंदा जले

**मुजफ्फरपुर, 15 नवंबर.** बिहार के मुजफ्फरपुर में बड़ी घटना हो गई. यहां शनिवार सुबह शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई और एक ही परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए. वहीं 5 लोग झुलस भी गए, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. मोतीपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने बताया कि एक घर में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया.

# हार से बिखरा लालू यादव का परिवार

- रोहिणी ने एक्स पर किया पोस्ट
- परिवार से नाता तोड़ रही हूं : रोहिणी

**पटना, 15 नवंबर. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनता दल को बड़ी हार मिली. राजद सिर्फ पच्चीस सीटों पर सिमट गई. चुनाव के नतीजे आने के बाद अब लालू परिवार में खटपट शुरू हो गई है. लालू की छोटी बेटी और तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य ने एक्स पर एक पोस्ट कर सियासी हलचल पैदा कर दी है.**

रोहिणी आचार्य ने अपने परिवार से नाता तोड़ने की बात कह दी है. रोहिणी आचार्य ने एक्स पर पर लिखा- मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हूं. संजय यादव और रमीज ने मुझसे यही करने को कहा था और मैं सारा दोष अपने ऊपर ले रही हूं. बता दें कि यह कदम न सिर्फ लालू परिवार बल्कि पूरे बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़े बदलाव की ओर इशारा करता है.



लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव पहले ही पार्टी और परिवार से बाहर जा चुके हैं. लालू यादव ने खुद उनको बेदखल किया. जिसके बाद बिहार चुनाव से पहले उन्होंने अपनी अलग पार्टी बनाई जनशक्ति जनता दल. उन्होंने राजद के खिलाफ चुनाव खुले तौर पर चुनाव भी लड़ा. हालांकि, वह अपनी सीट पर ही हार गए. दूसरी ओर, अब रोहिणी आचार्य के फैसले ने लालू परिवार की एकजुटता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है.

> **राजद की लीडरशिप पर उठा सवाल**
> रोहिणी आचार्य ने सीधे-सीधे तेजस्वी यादव के सबसे करीबी माने जाने वाले राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव पर आरोप लगाए हैं. संजय यादव को रणनीति और चुनावी प्रबंधन का मस्तिष्क भी कहा जाता है. वहीं, अब रोहिणी के आरोपों के बाद अब पार्टी पर दबाव बढ़ गया है कि वह स्थिति स्पष्ट करे.

## जो बहन का अपमान करेगा, उस पर सुदर्शन चक्र चलेगा : तेज प्रताप

**पटना, 15 नवंबर.** बागी तेवर में नजर आ रहीं लालू की बेटी रोहिणी आचार्या को बड़े भाई तेज प्रताप का साथ मिला है. रोहिणी आचार्या के सोशल मीडिया पोस्ट और मीडिया में चल रही खबरों के बीच तेज प्रताप ने कहा, बहन का जो अपमान करेगा उस पर कृष्ण का सुदर्शन चक्र चलेगा. उन्होंने कहा कि हमारी बहन पूजनीय हैं, बहन ने जो बातें रखी है, उससे हम सहमत हैं. तेज प्रताप ने आगे कहा कि रोहिणी आचार्य के गोद में हम खेले हैं. जो बात हमारी बहन कह रही हैं बिल्कुल सही कह रही है. सच्चाई है एक महिला होने के नाते, एक बहन होने के नाते, हमारी बहन ने सराहनीय काम किया है. उसने जो कुछ किया वो शायद ही कोई बेटी कर सकती है.

रणनीति | आंकड़ों व आरोपों के भंवरजाल में फंसी रही समीक्षा बैठक

# बिहार हार पर मंथन करने में जुटे कांग्रेसी दिग्गज

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली, 15 नवम्बर.** बिहार विधानसभा चुनाव में राजग खेमे की अप्रत्याशित विजय और इंडिया समूह की निराशाजनक पराजय पर मंथन करने बैठे कांग्रेसी रणनीतिकारों ने एक बार फिर अपनी कमियों को रेखांकित करने के बजाय अंकगणितिय फार्मूला को आधार बनाकर चुनाव आयोग, चुनावी प्रक्रिया,एसआईआर, ईवीएम जैसे विषयों पर हार का ठीकरा फोड़ते हुए वोटों के आंकड़ों की समीक्षा करने की बात दोहराई है.

> पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि लगातार हार के बावजूद पार्टी अपनी गलतियों को स्वीकार कर उसे सुधार करने को तैयार नहीं है बल्कि अलग-अलग तर्क के सहारे हरेक पराजय के लिए सत्ताधारी भाजपा को जिम्मेदार ठहराती रहती है. पार्टी के कई अन्य नेताओं ने कहा कि टिकट बंटवारे में गड़बड़ी, प्रचार अभियान में गैरवाजिब मुद्दों को शामिल करना लगातार मिल रही हार के प्रमुख कारण हैं, लेकिन जब भी इस विषय पर ध्यान केंद्रित कराने की कोशिश की जाती है तो उच्च पदस्थ नेताओं द्वारा इसे आरंभिक स्तर पर खारिज कर जिम्मेदार लोगों को आरोप मुक्त कर दिया जाता है. ऐसे में आज की बैठक भी पूर्व के बैठकों की पुनरावृत्ति ही है. बहरहाल, निरंतर हार से सबक लेने के बजाय बैठक के अंदर जिस तरह से खानापूर्ति की गई है, उससे साफ है कि विमर्श की दृष्टि में बिहार हार की जिम्मेदारी इस बार भी संगठन की कमजोरियों और रणनीतिकारों की ग़लत रणनीति को उजागर करने के दिशा में बढ़ने को तैयार नहीं है.

सूत्रों की मानें तो पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर संपन्न हुई बैठक में पार्टी रणनीतिकारों ने अपनी कमजोरियों व कमियों पर फोकस चर्चा करने के बजाए 'राजग को क्यों और कैसे प्रचंड बहुमत हासिल हुआ' इस विषय पर सबसे ज्यादा विमर्श किया गया. बैठक में 61 सीटों पर लड़ने के बाद मात्र 6 सीट पार्टी उम्मीदवार क्यों विजयी हुए. इस विषय पर केंद्रित चर्चा के बजाय वोट प्रतिशत के अंकगणितिय फार्मूला को आधार बनाकर भाजपा और जदयू को मिले ऐतिहासिक सीट पर समीक्षा पर जोर दिया गया. सूत्रों की मानें तो इस महत्वपूर्ण बैठक में किसी ने अपनी रणनीतिक चुक पर विचार विमर्श नहीं किया, बल्कि मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में मिली पराजय की तर्ज पर बिहार में भी सत्ताधारी दल द्वारा ताकत का दुरूपयोग और चुनाव आयोग के पक्षपात पूर्ण रवैया को कारण माना गया. इस बैठक में यह तय किया गया कि जल्द ही बिहार विधानसभा चुनाव में बुथस्तरीय आंकड़ों को आधार बनाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी.

## विनम्र श्रद्धांजलि



**स्व. प्रफुल्लजी माहेश्वरी**

जन्म : 31 अगस्त 1942 महाप्रयाण : 16 नवंबर 2018

कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः।
जन्मबंध विनिर्मुक्ताः पदं गच्छन्ति अनामयम्॥

मनीषी जन कर्म से उत्पन्न फल का बुद्धिपूर्वक त्याग करके जन्म बंधन से मुक्त होकर शुद्ध चेतन अवस्था में चले जाते हैं और अनामय पद प्राप्त करते हैं!

नव भारत Central Chronicle परिवार